## खबर संक्षेप



### बरगांव में जैतखाम का लोकार्पण

**डोंगरगांव।** गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर बरगांव में सतनामी समाज ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर नवनिर्मित जैतखाम का लोकार्पण कर बाबा के सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। उक्त समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु थी। उन्होंने कहा कि संत गुरु घासीदास बाबा का सत्य ही ईश्वर है, ईश्वर ही सत्य है का संदेश समाज को सही दिशा देने वाला है। बाबा ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष कर समानता, भाईचारे और मानव धर्म का मार्ग दिखाया, जिसे आत्मसात करना समय की आवश्यकता है।

### धान उठाव में आई तेजी किसानों को मिली राहत

**मोहला।** जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से की जा रही है। जिले में अब तक 21284 किसानों से 10 लाख 92 हजार 146 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। धान उठाव में तेजी लाने के लिए जिला प्रशासन ने 7 राइस मिलों का पंजीयन किया गया है। इन राइस मिलों के माध्यम से 1 लाख 49 हजार 860 क्विंटल धान के डीओ जारी किए गए, जिसमें से 1 लाख 14 हजार 980 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। धान की लगातार आवक को देखते हुए संग्रहण केन्द्र सेवताटोला में 31 हजार क्विंटल धान के संग्रहण हेतु परिवहन आदेश जारी किया गया है। जिले में खरीदे गए धान के शीघ्र निराकरण के लिए अंतर-जिला मिलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

## निधन

### रामानुज प्रसाद तिवारी

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ सरयूपारी ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं शिक्षाविद रामानुज प्रसाद तिवारी



का गुरुवार 1 जनवरी की संध्या शहर के निजी हॉस्पिटल में 88 वर्ष के उम्र में निधन हो गया। वे भाजपा मंडल अध्यक्ष भी रहे थे। तिवारी पुत्रवधू रिशु तिवारी के दादा एवं सरिता, शशि एवं सीमा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार आज शुक्रवार शहर के मुक्तिधाम में किया जाएगा ।

## आयोजन : विधायक ईश्वर साहू ने सादगी और सेवा के साथ मनाया जन्मदिन

# विधायक ईश्वर भावुक होकर बोले - जनता के प्यार को शब्दों में बयां करना मुश्किल





हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा

विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू का जन्मदिन पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जहां एक ओर भाजपा के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा लगा रहा, वहीं दूसरी ओर विधायक ने सेवा कार्यों के माध्यम से अपना दिन समर्पित किया। विधायक ईश्वर साहू ने अपने जन्मदिन की शुरुआत धार्मिक और सामाजिक कार्यों से की।

सबसे पहले उन्होंने अपने गृह ग्राम बिरनपुर स्थित मां सती मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात वे वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने बुजुर्गों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। सरकारी अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हाल-चाल जाना और उन्हें फल वितरित किए।

शहर के गार्डन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कई बड़े नेता बधाई देने पहुंचे। दुर्ग सांसद विजय बघेल, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू और महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने मंच साझा कर विधायक को शुभकामनाएं दीं।

**भावुक हुए विधायक, पुरानी यादें हुईं ताजा:** हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक ईश्वर साहू अपने संघर्ष के दिनों को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा जनता से मिले इस अपार प्रेम को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। मैं हमेशा एक विधायक के रूप में नहीं, बल्कि आप सबके सेवक के रूप में काम करता रहूंगा।



**बधाई देने देर रात पहुंचे खाद्य मंत्री दयालदास बघेल**

विधायक ईश्वर साहू को जन्म दिन की बधाई देने देर रात खाद्य मंत्री दयालदास बघेल और प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष राहुल टिकरिया उनके निवास पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### सामाजिक सरोकार : रक्तदान शिविर और ट्राई साइकिल वितरण

जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए कार्यक्रम स्थल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही, विधायक ने दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित कर उनकी सहायता की। सांसद विजय बघेल ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा एक परिवार है, जहां कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण का हमेशा सम्मान होता है। **प्रमुख हस्तियों की रही उपस्थिति:** कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, केशव पटेल, नारद वर्मा, रोहित सिंह राजपूत, हिमांशु वर्मा, शौर्य जीत सिंह, कमल राजपूत, नारद देवांगन, बल्लू साहू, घणाराम साहू, नेतराम, त्रिलोकी साहू, अश्वनी, मदन वर्मा, सोनू पटेल, सूरज राजपूत, पूरन साहू सहित भारी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताएं और धमधा से पवन शर्मा, रोहित राजपूत, दिलीप गुप्ता सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। भावुक क्षण विधायक ईश्वर साहू ने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया।



# राउत नाचा छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की अमूल्य धरोहर : विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

■ शुकुल पारा नवागढ़ में मड़ई मातर का भव्य आयोजन

शुकुल पारा नवागढ़ में यादव समाज द्वारा पारंपरिक आस्था, लोकसंस्कृति और सामाजिक समरसता के प्रतीक मड़ई मातर का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान पूरा क्षेत्र लोकपर्व के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत परघा कार्यक्रम से हुई, जिसने पूरे आयोजन को विशेष बना दिया। इस अवसर पर यादव समाज के लोगों ने ढोल–नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक राउत नाचा करते हुए नवागढ़ नगर के प्रधान विकास धर दीवान को उनके निवास से परघा कार्यक्रम स्थल तक पूरे सम्मान के साथ अगवानी करते हुए लाया।

राउत नाचा की ऊर्जावान प्रस्तुतियों और लोकगीतों के बीच निकली यह परघा यात्रा ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर अतिथि का स्वागत किया गया, वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीण इस सांस्कृतिक दृश्य के साक्षी बने। कार्यक्रम स्थल पर विधिविधान से मड़ई मातर की पूजा-अर्चना की गई। मुख्य अतिथि विकास धर दीवान ने अपने संबोधन में कहा कि मड़ई मातर और राउत नाचा छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ हमारी परंपराओं को जीवित रखने का कार्य करते हैं। उन्होंने यादव समाज की एकता, संगठन और सांस्कृतिक चेतना की सराहना करते हुए सफल आयोजन के लिए बधाई दी। आयोजन में रोशन धर दीवान, तनु दीवान, सांई दीवान, जीवन यादव, दऊवा यादव, बुलटू यादव, लतेल यादव, फत्ते यादव, सतेलु यादव, सतानन्द यादव, संतोष यादव, अशोक यादव, अजय यादव, कार्तिक, खेलावन, राजेंद्र, शुभम्, अप्पू, प्रिंस, भागवत सोनकर, मिथलेश सोनकर, गिरधारी सोनकर, सुभाष सोनकर, रोहित, जुगरु साहू, रामनाथ ध्रुव, छन्नू सोनकर, शंकर सोनकर सहित बड़ी संख्या में समाजजन, वरिष्ठजन, युवा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नये वर्ष पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश, ग्राम कठिया के मुक्तिधाम में लगाया पीपल का पौधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा द्वारा ग्राम कठिया के मुक्तिधाम परिसर में पीपल का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर संगठन ने नये वर्ष के आगमन पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए आमजन को प्रकृति के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. डी.पी. वर्मा एवं कोमल बढ़ाई उपस्थित रहे। संगठन की ओर से समस्त देशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर कोमल साहू ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वे न केवल शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, प्रदूषण कम करने और जलवायु को सुरक्षित रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति हर वर्ष कम से कम दो पौधे लगाने का संकल्प ले, ताकि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि पर्यावरण प्रेमी संगठन द्वारा जिले भर में निरंतर पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, उपाध्यक्ष परदेसी साहू, सचिन साहू, गणेश साहू सहित सदस्यगण सुंदर साहू, गणेश सेठ, लक्ष्मीनारायण, दिलीप साहू, प्रकाश साहू एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आतिशबाजी व संगीत के साथ हुआ साल का स्वागत, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ नववर्ष 2026 : शहर से अंचल तक जश्न का सैलाब आतिशबाजी, दी 2025 को विदाई





साल 2025 की विदाई और नववर्ष 2026 के स्वागत में बुधवार की रात पूरा शहर और अंचल जश्न में डूबा नजर आया। शहर के प्रमुख रेस्टोरेंट, होटल, कॉलोनियां, चौक-चौराहे और पिकनिक स्थल देर रात तक रौनक से गुलजार रहे। डीजे की धुन, रंग-बिरंगी रोशनी, आतिशबाजी और गीत-संगीत के बीच लोगों ने एक-दूसरे को "हैप्पी न्यू ईयर" कहकर नए साल की बधाई दी। जैसे ही घड़ी की सुइयों ने आधी रात पार की, आसमान आतिशबाजी से जगमगा उठा। युवाओं की टोलियां गानों पर थिरकती रहीं और देर रात तक नववर्ष के जश्न में डूबी रहीं। कई स्थानों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सामूहिक भोजन का भी आयोजन किया गया, जिससे माहौल और उल्लासमय हो गया। नए साल को लेकर शहर के रेस्टोरेंट और होटलों में कई दिनों पहले से तैयारियां शुरू हो गई थीं। प्रतिष्ठानों को फूलों और रंगीन लाइटों से सजाया गया था। ग्राहकों के लिए विशेष व्यंजन तैयार किए गए। शाम ढलते ही होटलों, कॉलोनियों और बाजार क्षेत्रों में चहल-पहल बढ़ गई। युवाओं ने साल की आखिरी रात को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### बाजारों में दिखी नववर्ष की रौनक

नववर्ष की पूर्व संध्या पर बाजारों में जबरदस्त रौनक रही। ग्रीटिंग कार्ड, गिफ्ट आइटम और सजावटी सामग्रियों की जमकर बिक्री हुई। लोग ग्रीटिंग कार्ड, मोबाइल संदेश और सोशल मीडिया के जरिए एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं देते रहे। बच्चे और युवा पूरे उत्साह के साथ मस्ती में डूबे नजर आए।

**आतिशबाजी के साथ हुआ नववर्ष का स्वागत:** नए वर्ष की दस्तक के साथ ही शहर के विभिन्न इलाकों में जमकर आतिशबाजी की गई। देर रात तक युवाओं की टोलियां जश्न मनाती रहीं। वहीं गुरुवार को 1 जनवरी के दिन शहर के पिकनिक स्पॉट लोगों की भारी भीड़ से गुलजार रहे, जहां परिवार और मित्र समूहों ने दिनभर नए साल का आनंद लिया।

### मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नववर्ष 2026 के पहले दिन गुरुवार को लोगों ने अपने परिवार के साथ जिले व अंचल के प्रसिद्ध मंदिरों में पहुंचकर दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। जिला मुख्यालय के देवी मंदिरों सहित आसपास के प्रमुख धार्मिक स्थलों में सुबह से ही दर्शनार्थियों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली।

### फूल-गिफ्ट दुकानों पर चहल-पहल, गुलाब बना युवाओं की पहली पसंद

नववर्ष के स्वागत के लिए फूलों की दुकानों और गिफ्ट स्टोर्स पर भी रौनक बनी रही। युवाओं और युवतियों की पहली पसंद गुलाब की पंखुड़ियां रहीं, जबकि अधिकारी और कर्मचारी वर्ग ने फूलों के गुलदस्ते पसंद किए। नववर्ष के लिए बाहर से विशेष रूप से फूल मंगाए गए थे, जिनकी अच्छी बिक्री हुई।

### हजारों लीटर शराब के साथ मनी पार्टियां

31 दिसंबर की रात शहरभर में पार्टियों का दौर चलता रहा। साल की विदाई और नए साल के स्वागत में युवाओं की महफिलों में शराब छलकती रही। खुले मैदानों और पिकनिक क्षेत्रों में देर रात तक पार्टी, शराब और मुर्गे की दावत चलती रही, जो 1 जनवरी को भी दिनभर जारी रही। वहीं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारी लगातार सड़कों पर गश्त करते नजर आए। कुल मिलाकर,बेमेतरा शहर और अंचल ने 2026 का स्वागत पूरे उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ किया। जश्न, पूजा-पाठ, बाजारों की रौनक और पिकनिक के माहौल ने नए साल के पहले दिन को यादगार बना दिया।

# केशरसिंह सहित वरिष्ठ पेंशनरों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| देवकर



जिला मुख्यालय स्थित पेंशनर संघ बेमेतरा द्वारा 25 दिसंबर 2025 को एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर केशरसिंह दीक्षित, सेवानिवृत्त राजपाल पुरस्कृत शिक्षक, इतिहासकार एवं वास्तुविद् को उनके शैक्षणिक, बौद्धिक एवं सामाजिक योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमल वर्मा, प्रांतीय संयोजक, छत्तीसगढ़ अधिकारी फेडरेशन संघ रहे। समारोह की अध्यक्षता श्री चेतन भारती, अध्यक्ष पेंशनर संघ छत्तीसगढ़ ने की। विशिष्ट अतिथियों में पंकज पांडे प्रांताध्यक्ष, छत्तीसगढ़ अपाक्स, संतोष वर्मा कार्यवाहक अध्यक्ष, संचालनालय रायपुर, श्याम नायडू (उद्योग अधिक्षक), कृष्ण कुमार सिंह (उपसंचालक, कोष एवं लेखा रायपुर) एवं लवकुश अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनरों का विशेष सम्मान कर उनके दीर्घ सेवाकाल और अनुभव को नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पेंशनर समाज की धरोहर हैं, जिनके अनुभव और मार्गदर्शन से नई पीढ़ी को दिशा मिलती है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पेंशनर सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा माह 2026 का भव्य शुभारंभ

# सुप्रीम कोर्ट कमेटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सप्रे ने हेलमेट रैली को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का भव्य शुभारंभ गुरुवार को सर्किट हाउस बेमेतरा से किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे, अध्यक्ष-सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी ने जिले के प्रवास के दौरान किया।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अपर पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार झा, पुलिस व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, यातायात पुलिस व प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। न्यायमूर्ति श्री सप्रे, कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा एवं एसएसपी रामकृष्ण साहू ने हेलमेट बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक मयंक मिश्रा के नेतृत्व में सर्किट हाउस से प्रारंभ होकर कोबिया चौक, सिग्नल चौक, गस्ती चौक, गौरवपथ रोड, कर्मा माता चौक, भारत माता चौक, बस स्टैंड, चौपाटी, जय स्तंभ चौक, रेस्ट हाउस चौक होते हुए यातायात कार्यालय एवं थाना सिटी कोतवाली परिसर तक पहुँची। रैली के माध्यम से दुपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर यातायात पुलिस, पुलिस लाइन स्टाफ, सउनि मोहन साहू, प्रधान आरक्षक दौलत वर्मा, हेमंत साहू सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**एसएसपी की सख्त अपील, लापरवाही पूरे परिवार को तबाह करती है:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा की शराब सेवन कर वाहन चलाना, बिना हेलमेट व सीट बेल्ट वाहन चलाना तथा तेज रफ्तार सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। दुर्घटना का दुष्परिणाम केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने नागरिकों से शराब पीकर वाहन न चलाने, मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाने, नाबालिगों को वाहन न चलाने देने तथा पुलिस चेकिंग में सहयोग करने की अपील की।

### पूरे माह चलेंगे जागरूकता अभियान व प्रतियोगिताएं

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत जिलेभर में प्रतिदिन विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें स्कूल व कॉलेजों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम,चौक-चौराहों पर जनसंवाद,हेलमेट रैली ,रंगोली, निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं,क्रिकेट प्रतियोगिता लर्निंग लाइसेंस शिविर,वाहन चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर शामिल हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना है। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा,"यातायात नियमों का पालन करने से ही जीवन सुरक्षित रहता है। जीवन अनमोल है, इसे हल्के में न लें। उन्होंने दुपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाने और संयमित गति से वाहन चलाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल एक माह तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जिले के स्कूल, कॉलेज, ब्लॉक एवं थाना स्तर पर निरंतर जारी रहेगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411